सार-समाचार

पुण्यतिथि पर भजन-कीर्तन किये

चूरू (निसं)। गीता प्रेस गोरखपुर के संस्थापक व चूरू निवासी जयदयाल गोयनका की पुण्यतिथि पर मंगलवार को भामाशाह मुरलीधर सराफ की प्रेरणा से पहली बार गीता क्लासेज के सानिध्य में विभिन्न धार्मिक व सामाजिक आयोजन किये गये। गीता क्लासेज के संयोजक संजय सिंघानिया ने बताया कि प्रातः काल शहर में निकलने वाली छः प्रभात फेरियों के संगम का कार्यक्रम सेठ जयदयाल गोयनका की हवेली में आयोजित किया गया। इसी क्रम में मंगलवार को गोयनका हवेली में सामूहिक संकीर्तन व भजन गायन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बंटी बजाज, प्रहलाद भाटी, विवेक सरावगी, हर्षित सोनी व जनार्दन आचार्य ने भजनों की प्रस्तुतियां देकर देर रात तक श्रद्धालुओं को बांधे रखा। इस दौरान एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां देकर वातावरण को आध्यात्म मय बना दिया।

आरोपी से चोरी का सामान बरामद

सादुलपुर, (निसं)। गांव ढंढाल शेरा में 13 जनवरी 2०25 की रात्रि को प्रेम सिंह जाट के घर में घूसकर सोने चांदी के जेवरात चोरी करने के मामले में राजगढ थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद कर उसे जेल भेज दिया है। बुधवार सुबह 11 बजे मिली जानकारी के अनुसार अनुसंधान अधिकारी राजकुमार हैड कानि ने बताया कि प्रकरण में रामावतार पुत्र कुरडाराम जाट निवासी ढंढाल शेरा तहसील राजगढ जिला चूरू को बीकानेर के पीबीएम अस्ताल के सामने से दस्तयाब किया गया था, तथा पुछताछ कर गिरफ्तार किया गया तथा न्यायालय में पेश किया गया, जहां तारानगर जेएम कोर्ट के आदेश पर दो रोज का पीसी रिमांड लिया गया तथा पीसी रिमांण्ड में दौरान पुलिस ने आरोपी द्वारा चोरी किया गया सामान जोहड में बरामद कर लिया गया तथा जिसके बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। प्रकरण में 21 फरवरी 2025 को धर्मसिंह पुत्र मोहनराम जाट उम्र 53 निवासी ढंढाल शेरा तहसील राजगढ ने मामला दर्ज करवाया था कि 13 जनवरी उसके भाई प्रेम सिंह के घर में अज्ञात व्यक्तियों ने दो सोने की अंगुठी, पायजेब, कान का आभूषण आदि चोरी कर ले गए। साथ ही आरोप लगाया था कि सीसीटीवी कैमरे में घटना के समय दो व्यक्ति घर के सामने घूमते दिखाई दिए जिनमें उन्हे पता चला है कि सीसीटीवी कैमरे में चोरी की घटना के समय दिख रहा एक व्यक्ति रामावतार पुत्र कुरडाराम जाट निवासी ढंढाल शेरा तहसील राजगढ जिला चूरू ही चोर हैं।

पक्षियों के लिए 101 परिंडे बांटे

सादुलपुर, (निसं)। भाजपा किसान मोर्चा चूरू जिला कार्यालय सादुलपुर में बुधवार को पूर्व प्रतिपक्ष नेता राजेंद्र राठौड के जन्मदिन के उपलक्ष में बेजुबान पक्षियों के लिए 101 परिंडे वितरण करने के साथ-साथ पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड के जन्म दिन पर आयोजित कार्यक्रम के लिए जारी पोस्टर का विमोचन किया। दोपहर दो बजे दी जानकारी के अनुसार कार्यक्रम व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम डोकवावाले की अध्यक्षता में हुआ। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश खिचड एडवोकेट ने कहा भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए परिंडे लगायें। खिचड ने दिनाँक 21 अप्रैल 2025 को चूरू पुलिस लाइन में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड साहब के जन्म दिन पर आम सभा में आए हुए कार्यकर्ताओं से सुबह ०9 बजे पहुंचने का निवेदन किया। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री कृष्ण भाकर, शहर मंण्डल संयोजक गोपाल शर्मा, भाजपा किसान मोर्चा शहर मंण्डल अध्यक्ष राकेश सैनी, गुलपुरा मंण्डल अध्यक्ष मुकेश निमिवाल, ओबीसी मोर्चा शहर मंण्डल अध्यक्ष सांवरमल स्वामी, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण जांगिड, रामावतार बैरासरिया, सुमेर सिंह सिहाग गुलपुरा, मकसूद चिश्ती, दुर्गेश धन्धावत, अशोक चांगल, सरपंच भाल सिंह मेहरा, राजकुमार सैनी, संत कुमार सरावगी, अयूब खान झाडिवाला व पूनमचंद नाई सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे एवं पोस्टर का विमोचन किया गया।

कांग्रेस के मंडल कार्यकारणी की बैठक

सादुलपुर, (निसं)। सादुलपुर विधान सभा के देहात ब्लॉक कांग्रेस के छः मंडल कार्यकारणी की अलग-अलग मंडलों में जिला कांग्रेस अध्यक्ष की अध्यक्षता में मीटिंग आयोजित की गई। बुधवार सुबह 10 बजे मिली जानकारी के अनुसार इस दौरान पूर्व विधायक पदम श्री डॉ कृष्णा पूनिया ने ने कांग्रेस पार्टी के संगठन को ओर मजबूत कर कार्यकताओंओं से मजबूती के पार्टी हित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। विधान सभा प्रभारी साजिद कुरेशी ने बूथ स्तर तक के संगठन के नव सर्जन के लिए मंडल अध्यक्ष और ब्लॉक अध्यक्ष के कार्यकर्ता के साथ बैठक की। जिला अध्यक्ष इंद्राज खीचड और ब्लॉक अध्यक्ष अशोक पूनिया ने भी संगठन को और मजबूत करने के लिए कहा। इस दौरान मिटिंगो में पूर्व विधायक पदम श्री डॉ कृष्णा पूनिया, जिला अध्यक्ष इंद्राज खीचड, विधान सभा प्रभारी साजिद कुरेशी, ब्लॉक अध्यक्ष अशोक पूनिया, बीडीसी सदस्य शिशु पाल पूनिया, सांखू मंडल अध्यक्ष मनोज भारद्वाज, बैरासर मंडल अध्यक्ष कृष्ण मीना, हमीरवास मंडल अध्यक्ष मानसिंह रेबारी, हरपालु मंडल अध्यक्ष प्रेम कुमार, बैरासर सरपंच महावीर पूनिया, अर्जन राम सोनी डीडीसी बैरासर, लाल मोहमद भियानी, संजीव पूनिया डिंगली, सजन पूनिया चांदगोठी, नाहर सिंह कालरी, उदय राम निमी वाल सहित काफी संख्या में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शिविर में 83 लाभार्थियों का ऑपरेशन हुआ

चूरू (निसं)। श्री गौरी शंकर एवं निर्मला अग्रवाल फाउंडेशन चूरू के आर्थिक सौजन्य से व लायंस क्लब चूरू द्वारा आयोजित निःशुल्क लैंस प्रत्यारोपण शिविर के दूसरे दिन 83 लाभार्थियों के नेत्र ऑपरेशन कर उन्हें नेत्र ज्योति प्रदान की। क्लब अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने बताया कि भामाषाह गौरीशंकर मंडावेवाला के सौजन्य से लायंस क्लब द्वारा इस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. शशिधर शर्मा व डॉ. सुनील झाझड़िया की टीम ने लाभार्थियों का ऑपरेशन कर उन्हें नेत्र ज्योति प्रदान की। क्लब एडमिनिस्ट्रेटर डॉ. कमल वशिष्ठ ने बताया कि शिविर के दूसरे दिन गौरीशंकर मंडावे वाला ने शिविर का निरीक्षण कर रोगियों की कुशलक्षेम पूछी। शिविर प्रभारी लायन दीनदयाल सैनी ने बताया कि तीन दिन तक चलने वाले इस शिविर का समापन गुरूवार को होगा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक हरलाल सहारण व विशिष्ट अतिथि मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. महेश मोहन पुकार व भामाषाह गौरीशंकर मंडावेवाला होंगे। इस अवसर पर लायन मनोज जांगिड, पुनीत क्याल व संजय मित्तल ने आयोजकीय भूमिका निभाई।

जे.पी. यादव ने कार्यभार ग्रहण किया

पाटन (निसं)। निकटवर्ती ग्राम पंचायत हसामपुर की राजकीय महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, में जे.पी. यादव ने विद्यालय के पहले प्रधानाचार्य के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। यादव पूर्व में छाजा की नांगल स्थित राजकीय महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल में वाइस प्रिंसिपल के पद पर कार्यरत थे।इस अवसर पर ग्रामवासियों द्वारा यादव का भव्य स्वागत किया गया। उन्हें पारंपरिक माला व साफा पहनाकर अभिनंदन किया गया और मिठाइयों से स्वागत कर शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। कार्यक्रम में हसामपुर के सरपंच प्रतिनिधि राकेश सिंह तंवर, पूर्व सरपंच विजेंद्र सिंह तंवर, इंद्राज यादव, छाजा की नांगल के प्रधानाचार्य जयप्रकाश मीणा, डोकन के प्रिंसिपल अनिल टांक, दिनेश यादव, राजेंद्र यादव, हवा सिंह यादव, डाबला के वाइस प्रिंसिपल घनश्याम गुप्ता, सवाई सिंह तंवर, कमल गुप्ता, बलबीर कटारिया, भूप सिंह यादव, रामनिवास सहित कई गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

जिला स्तरीय जन सुनवाई आज

सीकर (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि जन भावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं, समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान किये जाने के लिए जिला स्तर पर जनसुनवाई एवं समाधान की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के लिए 17 अप्रेल 2025 गुरूवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र कलेक्ट्रेट परिसर सीकर में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की जावेगी।

सीएम के दौरे की चर्चा, अचानक जयपुर रेंज आईजी अजयपाल लांबा झुंझुनूं पहुंचे

- एसपी कार्यालय में पुलिस अधिकारियों की बैठक ली
- मंडावा में पुलिस की कार्रवाई पर पीठ थपथपाई

झुंझुनूं, (निसं)। जयपुर रेंज आईजी अजयपाल लांबा बुधवार शाम को अचानक झुंझुनूं पहुंचे। उनका झुंझुनूं पहुंचने पर एसपी शरद चौधरी ने स्वागत किया। इस मौके पर लांबा ने एसपी कार्यालय में पुलिस अधिकारियों की बैठक ली।

इस बैठक में जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने भी हिस्सा लिया। दरअसल 20 अप्रेल को झुंझुनूं में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का दौरा प्रस्तावित है। इसके लिए ही जयपुर रेंज आईजी अजयपाल लांबा अचानक झुंझुनूं आए। उन्होंने अब तक की सूचनाओं के अनुसार तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के बाद आईजी लांबा वापिस जयपुर लौट गए। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए लांबा ने बताया कि फिलहाल सीएम भजनलाल शर्मा के 20 अप्रेल को झुंझुनूं आने का कार्यक्रम है। अधिकृत और विस्तृत कार्यक्रम नहीं आया है। बावजूद इसके प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर पुलिस और प्रशासनिक व्यवस्थाओं को तय करते हुए अब तक की तैयारियों की समीक्षा की गई है।

जयपुर रेंज आईजी अजयपाल लांबा अचानक झुंझुनूं पहुंचे जहां उनका एसपी शरद चौधरी ने स्वागत किया। इस मौके पर लांबा ने एसपी कार्यालय में पुलिस अधिकारियों की बैठक ली।

उन्होंने इस मौके पर खेतड़ी थाने में युवक की मौत मामले में कहा कि खेतडी में युवक की मौत का मामला गंभीर है। न्यायिक जांच की जा रही है। जांच प्रभावित नहीं हो। इसके लिए पूरे स्टाफ को लाइन हाजिर कर दिया गया है। वहीं मंडावा में अंतरराष्ट्रीय ठगी के गैंग को पकडने वाले मामले में उन्होंने झुंझुनूं पुलिस की पीठ थपथपाई। उन्होंने कहा कि मंडावा में हुई कार्रवाई प्रो पुलिसिंग का एक अद्भुत उदाहरण है। इस मामले में ना तो पुलिस के पास कोई पीड़ित था और ना ही कोई शिकायत थी। फिर भी पुलिस ने इंटेलिजेंस का उपयोग करते हुए ऐसे गिरोह को पकड़ा। जो विदेशियों से ठगी करता था। इस मामले में पुलिस पूरी तह तक जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि इसी तरह की गैंग गुरूग्राम और नोयडा में पकड़ी गई है। लेकिन ना तो कार्रवाई में और ना ही गैंग में, मंडावा कार्रवाई का कोई कनेक्शन नहीं है। क्योंकि नोयडा और गुरूग्राम आरोपी अलग थे। यहां पर आरोपी अलग थे।

आपको बता दें कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का तीन दिन का शेखावाटी दौरा प्रस्तावित है। इसमें 19 अप्रेल को वे सीकर और 20 अप्रेल को झुंझुनूं रहेंगे। इसके बाद 21 अप्रेल को चूरू रहेंगे। अभी सूत्रों के हवाले से जो कार्यक्रम आया है।

उसके मुताबिक मुख्यमंत्री का 20 अप्रेल को मंडावा व मुकुंदगढ में कार्यक्रम बन रहा है। तो झुंझुनूं वे जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर पिलानी में रात्रि विश्राम के बाद अगले दिन सुबह 21 अप्रेल को चूरू के लिए रवाना होंगे।

पलासरा में होने वाली रात्रि चौपाल स्थगित

सीकर, (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने आदेश जारी कर 16 अप्रेल 2025 को ग्राम पंचायत पलासरा, पंचायत समिति पिपराली में होने वाली रात्रि चौपाल कार्यक्रम को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है।

आम सूचना सर्वसाधारण हर खास व आम को जरिए इश्तिहार सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य सं. 1 चेतराम सैनी पुत्र श्री मथुराराम सैनी व अभिभाष्य सं. 2 राजेन्द्र प्रसाद सैनी पुत्र श्री चेतराम सैनी निवासी वार्ड नं. 20, ढाणी ठाकरावाला, अशोकनगर, पोस्ट बबाई, तहसील खेतड़ी, जिला झुंझुनू (राज.) के स्थायी निवासी हैं। मेरे अभिभाष्य सं. 1 की पौत्री व अभिभाष्य सं. 2 की पुत्री अंजू कुमारी सैनी मेरे अभिभाष्यगण के कहने-सुनने में नहीं है तथा ना ही किसी भी बात को मानती है, अतः मेरे अभिभाष्यगण द्वारा उक्त अंजू कुमारी सैनी को अपनी समस्त चल-अचल सम्पति से बेदखल किया जाता है, तथा उक्त अंजू कुमारी सैनी के द्वारा किये गये किसी भी कृत्य, अपराध व किसी भी तरह की लेन-देन या संव्यवहार के लिए मेरे अभिभाष्यगण जिम्मेदार नहीं होंगे, यदि कोई व्यक्ति, संस्था इत्यादि किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध संव्यवहार उक्त अंजू कुमारी सैनी से बनायेगा या रखेगा तो उसकी जिम्मेदारी मेरे अभिभाष्यगण की नहीं होगी। उक्त अंजू कुमारी सैनी से मेरे अभिभाष्यगण का किसी प्रकार का कोई सम्बन्ध सरोकार नहीं है व ना ही रहेगा। सूचित रहे।
दिनांकः16.4.2025 हिमांशु शर्मा, एडवोकेट
वार्ड नं. 09, बबाई, जिला झुंझुनू (राज.)
मो. नं. -7742877038

कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 01/2025
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि सुनील कुमार शर्मा पुत्र श्री शिव भगवान शर्मा निवासी वार्ड नं.4 वगड जिला झुंझुनूं राजस्थान ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 24 के अन्तर्गत प्रन्यास पण्डित श्योबक्स राय अडिचवाल चैरिटेबल ट्रस्ट वगड जिला झुंझुनूं राजस्थान प्रन्यास के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 15.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइंदा तारीख पेशी 23.06.2025
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर

बाल साहित्य का महत्त्व और भूमिका विषय पर कार्यशाला

चूरू (निसं)। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में राजस्थान स्कूल पुस्तकालय संवर्धन परियोजना के सहयोग से सेंटर ऑफ एक्सिलेंस के तहत वर्तमान परिपेक्ष्य में बाल साहित्य का महत्त्व और भूमिका विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन डाइट प्राचार्य व मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोविन्द सिंह राठौड की अध्यक्षता में किया गया।

कार्यशाला का उद्देश्य साहित्य और बाल साहित्य विद्यालयों के संदर्भ में अवलोकन, वर्तमान परिदृश्य में बाल साहित्य का महत्त्व और भूमिका, एनईपी, एफ.एल.एन. एस.सी.एफ के आधार पर उपलब्ध संसाधन, पुस्तकालयों हेतु बाल साहित्य के सन्दर्भ में सुझावों को विद्यालय में लागू किया जा सके। कार्यशाला में जिले के सन्दर्भ व्यक्ति, मॉडल, पुस्तकालय प्रभारी, शिक्षक प्रभारी, साहित्यकार और डाइट के अलग अलग प्रभागों के अध्यक्षों ने सहभागिता कर बाल साहित्य की भूमिका पर संवाद किया। बाल साहित्य को डिजिटल युग में किस नजरिये से देख रहे हैं, इसी के साथ ही विद्यालयों के पुस्तकालय और उपलब्ध साहित्य को देखते हुए पाठ्यचर्या में बाल साहित्य के समावेश पर अपने विचार साझा किये। प्रधानाचार्य राठौड ने वर्तमान समय में मोबाइल और सोशल मीडिया के युग में पुस्तकें बदलाव ला सकती है। अपने विद्यालयों में स्वयं को पुस्तक संस्कृति से जोडना पड़ेगा। वर्तमान में पुस्तकालयों के दरवाजे बच्चों के लिए हमेशा खुले हैं, लेकिन साहित्य के हिसाब से विद्यालय में इसकी कमी है। कार्यशाला को आगे भी जारी रखा जायेगा और अन्य विषयों को भी इसमें शामिल किया जायेगा। इस दौरान अतिथियों ने डाइट द्वारा प्रकाशित मरूदीप व गौरबंध पत्रिका का विमोचन भी किया गया। राजस्थान स्कूल पुस्तकालय संवर्धन परियोजना 2019 से राजस्थान के सभी जिलों में राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद व सेंटर फॉर माइक्रो फाइनेंस संस्थान के मध्य साझा सहमति पत्र (एमओयू) के साथ संचालित की जा रही है।

राजलदेसर में पंचायत समिति बनाने की मांग

राजलदेसर (निसं)। राजलदेसर में बुधवार को संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले राजकीय महाविद्यालय से विरोध प्रदर्शन रैली निकाली गई जो कस्बे के प्रमुख मार्गो से होते हुए तहसील कार्यालय पहुंची जहां भारी संख्या में किसानों ने जमकर नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार जितेंद्र सिंह को ज्ञापन सोपा तथा तहसील कार्यालय के बाहर ही अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए । किसानों का कहना है कि अभी हाल ही चूरू को मरुस्थलीय जिले मेशामिल किया गया है और इसी के फलस्वरूप वर्तमान में जिले में ऐसे पंचायत समिति मुख्यालय बनाये जा रहे है जो कि ग्राम पंचायत मुख्यालय है जबकि राजलदेसर नगरपालिका है और सरकार द्वारा सभी निर्धारित मानदण्डों को पूरा करता है प्रस्तावित अन्य पंचायत समितिय में सबसे ज्यादा उपयुक्त और सुविधा युक्त जगह है और एक भी ऐसा बिंदू नहीं है जिसमें राजलदेसर खरा उतरता ना हो राजलदेसर व आसपास के 1.50 लाख लोगों की जनभावनाए और भौगोलिक परिस्थितिए आवागमन के साधन व सुविधा को देखते हुए राज्य सरकार की मंशा अनुसार सुलभ सुनवाई व प्रशासनिक ढांचा सशक्तीकरण के लिए राजलदेसर को पंचायत समिति बनाया जाए। राजलदेसर को पंचायत समिति नहीं बनाया जाता है तो ये क्षेत्र के 1.50 लाख लोगाके साथ घोर अन्याय होगा और क्षेत्र के लोगों को उनके हक व अधिकारों से वंचितकरना होगा जो सरकार की जनहितैषी मशा के विरुद्ध होगा साथ ही इस क्षेत्र के लोगों को मजबूरन उग्र आन्दोलन की राह पर ले जाने वाला कदम होगा। पूर्व में भी जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा, अभियान के संयोजक राजेंद्र सिंह राठौड को ज्ञापन देकर अवगत करवाया गया था। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में किसान उपस्थित रहे । अखिल भारतीय किसान सभा के तहसील अध्यक्ष कामरेड भादर भामू, नगर पालिका उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश घिंटाला, रतनगढ़ किसान सभा संयोजक रामकिशन भामू, रेखाराम सहित सैकड़ों की संख्या में किसान सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

सीएचसी का निरीक्षण किया

झुंझुनूं, (निसं)। सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने बुधवार दोपहर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उदयपुरवाटी का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर बुधवार दोपहर 1.15 बजे निरीक्षण करने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उदयपुरवाटी पहुंचे। उन्होंने लू ताप घात के मरीजों के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

कार्यालय नगरपालिका मण्डल राजगढ़ (चूरू)
क्रमांकः- न.पा.रा./2025-26/336-337 दिनांक :- 16.04.2025
-:आपत्ति सूचना:-
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदन पत्रों के द्वारा पट्?टा नामांतरण/तामिर स्वीकृति आवेदन किया गया है। जिस किसी व्यक्ति को इस संबंध में आपत्ति हो वह विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस में नगरपालिका कार्यालय में लिखित में पेश कर देवे। संपूर्ण जानकारी के लिए नगरपालिका राजगढ़ (चूरू) में सम्पर्क करें। समायावधि निकलने के पश्चात आपत्ति विचारनीय नहीं होगी। विवरण निम्नानुसार है।

क्र. सं.	पत्रावली	नाम आवेदक नामांतरण/तामिर स्वीकृति आपत्ति सूचना	क्षेत्रफल	पत्रावली का प्रकार
1	641/ 14.02.25	बीरबल राम जांगिड़ पुत्र श्री मेगाराम जांगिड़, वार्ड नं. 06 सोनी धर्मशाला के पास, कस्बा, राजगढ़ (चूरू)	167.67 वर्गमीटर	निर्माण स्वीकृति

(राकेश कुमार अरोड़ा RMS)
अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका राजगढ़ (चूरू)

कार्यालय प्राथिकृत अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका रावतसर) जिला हनुमानगढ़
क्रमांक :- न.पा.रा./कृ.भू/2025/ दिनांक :-
प्रारूप-10 (नियम 6 (7) देखिए
-: लोक सूचना :-
श्री दीपक खदरीया पुत्र श्री सुशील कुमार जाति अग्रवाल निवासी रावतसर तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ़ (राज) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक वाणिज्यक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थातः-

जिला तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा सं.	क्षेत्र
जिला हनुमानगढ़ तहसील रावतसर	24 डीडब्ल्यूडी	156/ 414(4)	किला न. 12/2 की 0.097 है., 19/5 की 0.0070 है.
			कुल तादादी 0.0167 है.

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम , 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक..... को जारी की गयी। **प्राथिकृत अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका रावतसर)**

कार्यालय प्राथिकृत अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका रावतसर) जिला हनुमानगढ़
क्रमांक :- न.पा.रा./कृ.भू/2025/ दिनांक :-
प्रारूप-10 (नियम 6 (7) देखिए
-: लोक सूचना :-
श्री जवाहर पुत्र श्री मनीराम 1/2 हिस्सा, खयालीराम सिहाग पुत्र सहीराम 1/2 हिस्सा जाति जाट निवासी बरमसर, तहसील पल्लु, जिला हनुमानगढ़ (राज) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित गैर-कृषिक वाणिज्यक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थातः--

जिला तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा सं.	क्षेत्र
जिला हनुमानगढ़ तहसील रावतसर	24 डीडब्ल्यूडी	159/ 414(4)	किला नं. 11 की 0.0334 है., 334 वर्गमीटर
			कुल तादादी 0.0334 है.

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम , 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक..... को जारी की गयी। **प्राथिकृत अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका रावतसर)**

कार्यालय प्राथिकृत अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका रावतसर) जिला हनुमानगढ़
क्रमांक :- न.पा.रा./कृ.भू/2025/ दिनांक :-
प्रारूप-10 (नियम 6 (7) देखिए
-: लोक सूचना :-
श्रीमती कलावती पत्नी मनीराम 2/3 हिस्सा, खयालीराम सिहाग पुत्र सहीराम 1/3 हिस्सा जाति जाट, निवासी बरमसर, तहसील पल्लु, जिला हनुमानगढ़ (राज) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक वाणिज्यक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात :-

जिला तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा सं.	क्षेत्र
जिला हनुमानगढ़ तहसील रावतसर	24 डीडब्ल्यूडी	159/ 414(4)	किला नं. 12/2 की 0.0293 है., 19/5 334 की 0.0209 है. 502 वर्गमीटर
			कुल तादादी 0.0502 है.

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम , 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक..... को जारी की गयी। **प्राथिकृत अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका रावतसर)**

नगर पालिका का निरीक्षण किया

राजलदेसर (निसं)। राजलदेसर कस्बे में रतनगढ़ उपखंड अधिकारी रामकुमार वर्मा ने करीबन 4 बजे नगर पालिका का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उन्होंने नगर पालिका का पूरा रिकॉर्ड खंगाला एवं अधिशासी अधिकारी की लंबे समय से लापरवाही की लगातार शिकायतें मिल रही थी। साथ ही राजलदेसर कस्बे में सफाई व्यवस्था, बरसाती पानी की निकासी के ठोस प्रबंधन नहीं होने के कारण मौके पर ही उन्होंने नगर पालिका में पंपसेट एवं अधिकारियों से आगामी मानसून की तैयारी से पूर्व जानकारी ली।

इस अवसर पर उपखंड अधिकारी के साथ तहसीलदार जितेंद्र सिंह, एएईन विकास मीणा एवं टीम के अनेकों अधिकारी मौजूद थे। मीडिया द्वारा उपखंड अधिकारी को पूछने पर उपखंड अधिकारी ने बताया कि बरसात के मौसम की पूर्व तैयारी को लेकर नगर पालिका का निरीक्षण किया। नगर पालिका में लगातार भ्रष्टाचार को लेकर अवैध निर्माण को लेकर जो भी शिकायत हैं शिकायत की जा सकती है उसके लिए जांच कराई जाएगी।



राजलदेसर कस्बे में उपखंड अधिकारी रामकुमार वर्मा ने नगर पालिका का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी कुंदन देथा से बातचीत करनी चाहिए तो उनके चेहरे पर पसीने आ गए और कहा कि उपखंड अधिकारी ने पुराना रिकॉर्ड मांगा है एवं बरसाती मौसम में गंदे पानी की निकासी को लेकर लडखडा गए साथ ही उपखंड अधिकारी ने मौके पर ही अधिकारियों को राजा कोठी एवं कब्रिस्तान के पास बनी गैनाणी पर जाकर मौका मुवायना किया तो उन्होंने वहां पर गंदगी को देखकर अधिशासी अधिकारी पर नाराज की जताते हुए कहा कि कल की तारीख में गेनाणी की सफाई के टेंडर 10 बजे से पहले मेरे को मिल जाने चाहिए अगर कोई भी कर्मचारी लापरवाही करेगा उस पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उपखंड अध